I.G.N.O.U. Based

# NEERAJ®

# E.P.A.-3

## विकास प्रशासन

## (Development Administration)

By: *A Panel of Educationists,*

***Question Bank** Cum **Chapterwise Reference Book***
*Including* **Many Solved Question Papers**

**NEERAJ PUBLICATIONS**
*(Publishers of Educational Books)*
( An ISO 9001 : 2008 Certified Company )

**Sales Office:**
**1507, Ist Floor, Nai Sarak, Delhi - 6**
**Ph.: 011-23260329, 45704411, 23244362, 23285501**
**E-mail: info@neerajignoubooks.com**
**Website: www.neerajignoubooks.com**

MRP ₹ 160/-

***Published by:***

**NEERAJ PUBLICATIONS**

*Sales Office* : **1507, 1st Floor, Nai Sarak, Delhi-110 006**
*E-mail*: **info@neerajignoubooks.com**
*Website*: **www.neerajignoubooks.com**

| ***Reprint Edition with Updation of Sample Question Paper Only*** | *Typesetting by:* ***Competent Computers*** | *Printed at:* ***Novelty Printer*** |
|---|---|---|

## *Notes:*

1. *For the best & upto-date study & results, please prefer the recommended textbooks/study material only.*
2. *This book is just a Guide Book/Reference Book published by NEERAJ PUBLICATIONS based on the suggested syllabus by a particular Board /University.*
3. *The information and data etc. given in this Book are from the best of the data arranged by the Author, but for the complete and upto-date information and data etc. see the Govt. of India Publications/textbooks recommended by the Board/University.*
4. *Publisher is not responsible for any omission or error though every care has been taken while preparing, printing, composing and proof reading of the Book. As all the Composing, Printing, Publishing and Proof Reading etc. are done by Human only and chances of Human Error could not be denied. If any reader is not satisfied, then he is requested not to buy this book.*
5. *In case of any dispute whatsoever the maximum anybody can claim against NEERAJ PUBLICATIONS is just for the price of the Book.*
6. *If anyone finds any mistake or error in this Book, he is requested to inform the Publisher, so that the same could be rectified and he would be provided the rectified Book free of cost.*
7. *The number of questions in NEERAJ study materials are indicative of general scope and design of the question paper.*
8. *Question Paper and their answers given in this Book provide you just the approximate pattern of the actual paper and is prepared based on the memory only. However, the actual Question Paper might somewhat vary in its contents, distribution of marks and their level of difficulty.*
9. *Any type of ONLINE Sale/Resale of "NEERAJ BOOKS/NEERAJ IGNOU BOOKS" published by "NEERAJ PUBLICATIONS" on Websites, Web Portals, Online Shopping Sites, like Amazon, Flipkart, Ebay, Snapdeal, etc. is strictly not permitted without prior written permission from NEERAJ PUBLICATIONS. Any such online sale activity by an Individual, Company, Dealer, Bookseller, Book Trader or Distributor will be termed as ILLEGAL SALE of NEERAJ IGNOU BOOKS/NEERAJ BOOKS and will invite legal action against the offenders.*
10. *Subject to Delhi Jurisdiction only.*

**© Reserved with the Publishers only.**

***Spl. Note:*** *This book or part thereof cannot be translated or reproduced in any form (except for review or criticism) without the written permission of the publishers.*

## *How to get Books by Post (V.P.P.)?*

*If you want to Buy NEERAJ IGNOU BOOKS by Post (V.P.P.), then please order your complete requirement at our Website* ***www.neerajignoubooks.com****. You may also avail the 'Special Discount Offers' prevailing at that Particular Time ( Time of Your Order).*
*To have a look at the Details of the Course, Name of the Books, Printed Price & the Cover Pages (Titles) of our NEERAJ IGNOU BOOKS You may Visit/Surf our website* ***www.neerajignoubooks.com.***
*No Need To Pay In Advance, the Books Shall be Sent to you Through V.P.P. Post Parcel. All The Payment including the Price of the Books & the Postal Charges etc. are to be Paid to the Postman or to your Post Office at the time when You take the Delivery of the Books & they shall Pass the Value of the Goods to us by Charging some extra M.O. Charges.*
*We usually dispatch the books nearly within 4-5 days after we receive your order and it takes Nearly 5 days in the postal service to reach your Destination (In total it take atleast 10 days).*

**NEERAJ PUBLICATIONS**

*(Publishers of Educational Books)*

( An ISO 9001 : 2008 Certified Company )

***1507, 1st Floor, NAI SARAK, DELHI - 110006***

***Ph. 011-23260329, 45704411, 23244362, 23285501***

*E-mail:* **info@neerajignoubooks.com** *Website:* **www.neerajignoubooks.com**

# CONTENTS

# विकास प्रशासन

## ( DEVELOPMENT ADMINISTRATION )

### *Question Bank – (Previous Year Solved Question Papers)*


| | |
|---|---|
| *Question Paper—June, 2019 (Solved)* | 1-2 |
| *Question Paper—December, 2018 (Solved)* | 1-3 |
| *Question Paper—June, 2018 (Solved)* | 1-4 |
| *Question Paper—December, 2017 (Solved)* | 1-3 |
| *Question Paper—June, 2017 (Solved)* | 1 |
| *Question Paper—June, 2016 (Solved)* | 1-2 |
| *Question Paper—December, 2015 (Solved)* | 1-4 |
| *Question Paper—June, 2015 (Solved)* | 1-2 |
| *Question Paper—June, 2014 (Solved)* | 1-3 |
| *Question Paper—June, 2013 (Solved)* | 1 |
| *Question Paper—June, 2012 (Solved)* | 1 |
| *Question Paper—June, 2011 (Solved)* | 1 |
| *Sample Paper–1 (Solved)* | 1-8 |


*S.No.* **Chapterwise Reference Book** *Page*


**संकल्पना व उपागम**
**(Concepts and Approaches)**

1. विकास प्रशासन : संकल्पना और अर्थ ........ 1
(Development Administration: Concept and Meaning)

2. क्षेत्र और महत्त्व ........ 4
(Scope and Significance)

3. उद्‌भव ........ 6
(Evolution)

4. भारत में विकास प्रशासन की संवृद्धि ........ 9
(Growth of Development Administration)

**विकास कौशल व नियोजन (Development Strategy and Planning)**

5. स्वतंत्रता के समय भारत की सामाजिक-आर्थिक रूपरेखा ........ 12
(India's Socio-Economic Profile at Independence )

| S.No. | Chapter | Page |
|---|---|---|
| 6. | मिश्रित अर्थव्यवस्था प्रतिरूप तथा इसका तर्कसंगत आधार और महत्त्व (Mixed Economy Model and its Rationale and Significance) | 15 |
| 7. | नियोजन की भूमिका (Role of Planning) | 19 |
| 8. | विकास के उद्देश्य (Goals of Development) | 21 |
| | **नियोजन प्रक्रिया (Planning Process)** | |
| 9. | योजना आयोग तथा राष्ट्रीय विकास परिषद (Planning Commission and National Development Council) | 25 |
| 10. | राज्य योजना तंत्र (State Planning Machinery) | 29 |
| 11. | जिला नियोजन (District Planning) | 31 |
| 12. | आधार स्तरीय नियोजन (Grass Roots Planning) | 33 |
| | **नौकरशाही और विकास (Bureaucracy and Development)** | |
| 13. | नौकरशाही की भूमिका (Role of Bureaucracy) | 37 |
| 14. | भारतीय नौकरशाही की औपनिवेशिक विरासत (Colonial Heritage of Indian Bureaucracy) | 39 |
| 15. | भारतीय नौकरशाही की सामाजिक पृष्ठभूमि (Social Background of Indian Bureaucracy) | 41 |
| 16. | तटस्थ *बनाम* प्रतिबद्ध नौकरशाही (Neutral *versus* Committed Bureaucracy) | 43 |
| 17. | नौकरशाहों और राजनेताओं के बीच सम्बन्ध (Bureaucrats and Politicians and their Relationship) | 45 |
| 18. | नौकरशाही की क्षमता में वृद्धि करना (Enhancing Bureaucratic Capability) | 46 |
| | **विकेन्द्रीकरण व विकास (Decentralisation and Development)** | |
| 19. | लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण की अवधारणा (Concept of Democratic Decentralisaiton) | 49 |
| 20. | पंचायती राज का उद्भव और भूमिका (Evolution and Role of Panchayati Raj) | 52 |
| 21. | पंचायती राज के उभरते हुए प्रतिमान (Emerging Patterns of Panchayati Raj) | 56 |
| 22. | पंचायती राज का भविष्य एवं समस्याएं (Problems and Prospects of Panchayati Raj) | 59 |
| 23. | स्वैच्छिक अभिकरणों की भूमिका (Role of Voluntary Agencies) | 61 |

| *S.No.* | *Chapter* | *Page* |
|---|---|---|
| 24. | सहकारिता एवं विकास (Cooperatives and Development) | 64 |
| 25. | विकास के लिए विशिष्ट अभिकरण (Special Agencies for Development) | 67 |
| | **सार्वजनिक क्षेत्र व विकास (Public Sector and Development)** | |
| 26. | सार्वजनिक क्षेत्र का उद्‌भव और विकास (Evolution and Expansion of Public Sector) | 72 |
| 27. | सार्वजनिक उद्यम की भूमिका (Role of Development Corporations) | 74 |
| 28. | विकास निगमों की भूमिका (Role of Development Corporations) | 77 |
| 29. | सार्वजनिक क्षेत्र की प्रशासनिक समस्याएं (Administrative Problems of Public Sector) | 79 |

■ ■

# Sample Preview of the Solved Sample Question Papers

*Published by:*

NEERAJ PUBLICATIONS
www.neerajbooks.com

# QUESTION PAPER
## ( June – 2019 )

*( Solved )*

## विकास प्रशासन

*समय : 3 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 100*
*( कुल का : 70% )*

***नोट :*** *प्रत्येक भाग से दिए गए निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

**भाग–I**

**निम्नलिखित में से *किन्हीं दो* प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**प्रश्न 1. विकास प्रशासन को परिभाषित कीजिए और इसकी विशेषताओं की चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय–1, पृष्ठ 1, प्रश्न 1, पृष्ठ 2, प्रश्न 3

**प्रश्न 2. योजना क्या है? भारत में इसकी आवश्यकता और प्रक्रिया की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय–7, पृष्ठ 19, प्रश्न 1 और 2, पृष्ठ 20, प्रश्न 4

**प्रश्न 3. अधिकारी-तंत्र (नौकरशाही) को परिभाषित कीजिए और इसकी बढ़ती हुई भूमिका का परीक्षण कीजिए।**

**उत्तर–**नौकरशाही लैटिन और फ्रेंच से एक शब्द है जिसका है कार्यालय। नौकरशाही का अर्थ या अठारहवीं शताब्दी के फ्रांस में सभी सार्वजनिक कार्यालय और कार्यलायों और किसी भी अन्य कार्य वातावरण में कर्मचारियों की शक्ति और क्रिया।

नौकरशाही पूरे सार्वजनिक जीवन या निजी व्यवसाय में प्रशसनिक तंत्र के असंगत प्रभुत्व से संबंधित एक अवधारणा है। इसमें अधिकारियों द्वारा प्रयोग की जाने वाली सरकार होती है, जिसे "अधिकारी के अत्याचार, "अकल्पनीय करार दिया जाता है।

नौकरशाही जर्मन अर्थशास्त्री मैक्स वेबर के अध्ययन का भी हिस्सा है, जिसने कंपनियों को खुद को व्यवस्थित करने के तरीके को समझाने के लिए, ब्यूरोक्रेसी का सिद्धांत बनाया। वेबर ने नौकरशाही को नियमित नियमों और प्रक्रियाओं के आधार पर एक संगठन के रूप में परिभाषित किया, जहां प्रत्येक व्यक्ति के पास उसकी विशेषता, जिम्मेदारी और कार्यों का विभाजन है।

**इसे भी देखें–संदर्भ–**देखें अध्याय–13, पृष्ठ 37, प्रश्न 1 और प्रश्न 2

**प्रश्न 4. विकास निगमों की संकल्पना और कार्यों की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय–28, पृष्ठ 77, प्रश्न 1 और प्रश्न 3

**भाग–II**

**प्रश्न 5. ब्रिटिश काल के दौरान भारत की सामाजिक और आर्थिक स्थिति की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय–5, पृष्ठ 12, प्रश्न 1

**प्रश्न 6. जिला योजना की आवश्यकता एवं इसकी समस्याओं का परीक्षण कीजिए।**

***इसे भी जोड़ें*–संदर्भ–**देखें अध्याय–11, पृष्ठ 32, प्रश्न 1

भारत में जिला नियोजन के सम्मुख कई समस्याएं हैं।

1. चूंकि जिला स्तर की सरकार के पास राज्य और केन्द्र सरकार की तरह समुचित अधिकार प्राप्त नहीं है इसलिए इनके लिए लक्ष्य निर्धारित करना, प्राथमिकताएं तय करना, संसाधन जुटाना जैसे कार्य लगभग असंभव हो जाते हैं।

2. दूसरी सबसे बड़ी समस्या वित्तीय संसाधनों की कमी से संबंधित है। जिला स्तर पर राजस्व जुटाने व संसाधनों को प्राप्त करने से संबंधित समुचित अधिकार प्राप्त नहीं है। अतः जिला स्तर पर विकास योजनाओं को कार्यरूप देने की प्रक्रिया असफल हो जाती है।

3. अधिकतर राज्यों में निर्वाचित जिला स्तरीय निकायों की अनुपस्थिति भी एक अन्य समस्या है, जिससे उचित अधिकारी तक समस्याएं पहुंच नहीं पाती।

4. इसके अतिरिक्त जिला स्तर पर अनुभवी व योग्य नियोजन कर्मियों की कमी है जो योग्यता के अभाव में अर्थपूर्ण नियोजन कार्य करने में असफल रहते हैं।

**प्रश्न 7. भारतीय अधिकारी तंत्र की राजनैतिक विरासत पर प्रकाश डालें।**

www.neerajbooks.com



**उत्तर–**भारतीय अधिकारी तंत्र (नौकरशाही) की राजनैतिक विरासत मुख्य रूप से इसकी शक्ति व प्रतिष्ठा में निहित है।

**इसे भी देखें–संदर्भ–**देखें अध्याय-14, पृष्ठ 39, प्रश्न 1

**प्रश्न 8. नीति निर्माण की प्रक्रिया में नेताओं और स्थायी कार्यपालक के मध्य संबंधों का विश्लेषण कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-17, पृष्ठ 45, प्रश्न 1

**प्रश्न 9. लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण को परिभाषित कीजिए और भारत में इस पर आने वाली बाधाओं पर प्रकाश डालें।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-19, पृष्ठ 50, प्रश्न 4 और 5

**प्रश्न 10. भारत में पंचायती राज के भविष्य पर टिप्पणी कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-22, पृष्ठ 60, प्रश्न 2

**प्रश्न 11. स्वैच्छिक अभिकरणों की अवधारणा को स्पष्ट कीजिए व भारत में इसके उद्भव पर चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-23, पृष्ठ 61, प्रश्न 1, 2

**प्रश्न 12. वैधानिक निगम और सरकारी कंपनी का अर्थ व विशेषताएं बताइए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-27, पृष्ठ 74, प्रश्न 2, पृष्ठ 75, प्रश्न 3

## भाग–II

**किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**प्रश्न 13. विकास प्रशासन के सहगामी उपागम पर एक नोट लिखिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-3, पृष्ठ 8, प्रश्न 6

**प्रश्न 14. ''मिश्रित अर्थव्यवस्था एक शुद्ध प्रणाली नहीं है।'' टिप्पणी कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-6, पृष्ठ 15, प्रश्न 1

**प्रश्न 15. विकास की संकल्पना की चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-8, पृष्ठ 21, प्रश्न 1

**प्रश्न 16. अधिकारी-तंत्र (नौकरशाही) को अधिक प्रातिनिधिक बनाने के उपाय सुझाइए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-15, पृष्ठ 42, प्रश्न 3

■■

Neeraj Publications www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com

# Sample Preview
# of
# The Chapter

*Published by:*

NEERAJ
PUBLICATIONS
www.neerajbooks.com

NEERAJ®

# E. P. A. - 3
# विकास प्रशासन
# ( DEVELOPMENT ADMINISTRATION )

**BLOCK-1** संकल्पना व उपागम (CONCEPTS AND APPROACHES)

## विकास प्रशासन : संकल्पना और अर्थ (Development Administration : Concept and Meaning) 1

Neeraj Publications www.neerajbooks.com

**प्रश्न 1. विकास प्रशासन का अर्थ व उद्देश्यों पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। 'प्रशासनिक विकास' व 'विकास प्रशासन' में क्या सम्बन्ध है ?**

**उत्तर**–किसी भी देश की सरकार के उद्देश्यों व कार्यों को पूरा करने के लिए विकास के प्रशासन की आवश्यकता होती है। दूसरे शब्दों में, विकास प्रशासन एक ऐसा साधन है, जिसके द्वारा कोई सरकार किसी देश की अर्थव्यवस्था और सामाजिक तथा सांस्कृतिक ढाँचे में गुणात्मक तथा परिमाणात्मक परिवर्तन ला सकती है। सरल शब्दों, में विकास प्रशासन को क्रियात्मक भाग कहा जा सकता है। इस तरह विकास प्रशासन का अर्थ है–

(क) ऐसी कार्य-योजनाओं का परिपालन जिनका अभिप्राय सामाजिक एवं आर्थिक प्रगति लाना है।

(ख) लोक प्रशासन का वह पहलू, जिसमें ध्यान इस बात पर केंद्रित होता है कि लोक संस्थानों की व्यवस्था एवं प्रशासन इस प्रकार से किया जाए, जिससे सामाजिक एवं आर्थिक प्रगति के लिए बनाई गई कार्य योजनाओं को बल मिले।

विकास प्रशासन के मुख्य लक्ष्य निम्नलिखित हैं–

*(i)* नौकरशाही का उपयुक्तम प्रयोग करके सामाजिक व आर्थिक प्रगति की प्रक्रिया को शुरू करके इसे सुचारु बनाना।

*(ii)* विकास प्रक्रिया को तेज करने के लिए कार्य-योजनाओं को क्रियान्वित करना।

*(iii)* प्रशासनिक प्रणाली के अन्दर ही ऐसे परिवर्तन लाना, जिनसे इस प्रकार की कार्य-योजनाओं के कार्यान्वन की क्षमता बढ़े।

*(iv)* विकास को न केवल प्रोद्योगिक समस्या, बल्कि सैद्धांतिक नियम के रूप में भी देखना।

*(v)* राजनीति तथा प्रशासन के बीच युग्मशीलता के स्थान पर समरूपता की पहचान।

*(vi)* दुष्प्राप्य साधनों का प्रभावशाली एवं कुशल प्रयोग।

*(vii)* एक ऐसा प्रशासनिक वातावरण जो जनता की मौलिक आवश्यकताओं के अनुरूप हो।

*(viii)* प्रशासनिक तंत्र प्रणाली को कार्य-योजनाओं एवं परियोजनाओं पर निष्पक्ष तथा निर्भीक होकर अपने विचार एवं मत अभिव्यक्त करने की स्वतंत्रता।

'विकास प्रशासन' की अवधारणा में 'विकास का प्रशासन' और *'प्रशासन का विकास'* शब्द परस्पर गुँथे हुए हैं। विकास प्रशासन से अभिप्राय है–विकास कार्यक्रमों का प्रशासन। इसके दो पहलू हैं, पहला सामाजिक-आर्थिक व राजनीतिक कार्यक्रमों का संचालन तथा दूसरा

'प्रशासनिक विकास'। वस्तुतः *'प्रशासनिक विकास'* विकास प्रशासन का एक अनिवार्य परिणाम है। प्रशासनिक विकास का अर्थ है निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रशासनिक तन्त्र की सामर्थ्य और क्षमता बढ़ाना। यह प्रक्रिया प्रशासनिक सुधार, प्रशासनिक प्रक्रिया के आधुनिकीकरण, प्रशासकों की मनोवृत्ति, आस्था और आचरण के वास्तविक बदलाव लाने पर निर्भर करती है।

**प्रश्न 2. परम्परागत प्रशासन और विकास प्रशासन में अन्तर स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर**–परम्परागत प्रशासन और विकास प्रशासन में निम्नलिखित अन्तर हैं–

| परम्परागत प्रशासन | विकास प्रशासन |
|---|---|
| 1. परम्परागत प्रशासन एक प्रकार का व्यवस्थापकीय प्रशासन है। | 1. विकास प्रशासन नए कार्यों व समस्याओं के अनुरूप तीव्र परिवर्तनीय प्रशासन है। |
| 2. परम्परागत प्रशासन व्यक्तिगत कौशल पर बल देता है, यह दक्षताभिमुखी एवं अर्थव्यवस्थाभिमुखी है। | 2. विकास प्रशासन सामूहिक कौशल एवं परस्पर सहयोग पर बल देता है। यह प्रबंधात्मक व विकासोन्मुख है। |
| 3. प्रशासन का यह रूप सुरक्षा, नियम एवं स्थिर प्रक्रिया के अन्तर्गत काम करता है। | 3. विकास प्रशासन, कार्ययोजना के ऊँचे स्तर पर बल देता है तथा इसमें जोखिम उठाने में तत्परता, परिवर्तन को प्रोत्साहन दिया जाता है। |
| 4. परम्परागत प्रशासन की संरचना तीव्र एवं विस्तृत सोपानक्रमिक होती है। | 4. विकास प्रशासन की संरचना लक्ष्य प्राप्ति के अनुरूप होती है। लचीलापन, पारस्परिक आस्था एवं सहयोग इसके प्रमुख पहलू हैं। |
| 5. निर्णय लेने की प्रक्रिया एवं अधिकारों का केन्द्रीकरण, परम्परागत प्रशासन की प्रमुख विशेषता है। | 5. निर्णय लेने की प्रक्रिया में प्रशस्त साझेदारी इसकी प्रमुख विशेषता है। |
| 6. प्रबंधात्मक ढाँचे को स्थिर रखने पर बल दिया जाता है। | 6. पर्यावरण की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रबंधात्मक ढाँचे में बदलाव की सम्भावना निरन्तर बनी रहती है। |

Neeraj Publications www.neerajbooks.com

**प्रश्न 3. विकास प्रशासन की विशिष्टताओं का विवेचन कीजिए।**

**उत्तर**–विकास प्रशासन की विशेषताएँ निम्नलिखित हैं–

**(क) परिवर्तन-अभिमुखीकरण**–जब तक प्रणाली में कुछ संस्थितीय परिवर्तन न किए जाएँ, तब तक कोई विकास सम्भव नहीं है। संरचनात्मक पुनर्व्यवस्था, बेरोजगारी व गरीबी जैसी समस्याओं का उन्मूलन तथा नियोजकों तथा वेतनभोगियों के बीच सम्बन्ध सुधारने के लिए योजना इत्यादि जैसे परिवर्तनों का विकास प्रशासन में समावेश होना चाहिए।

**(ख) लक्ष्य-अभिमुखीकरण**–हर देश की अपनी समस्याएं होती हैं, जिनका निराकरण व्यवस्थित ढंग से, उद्देश्य निर्धारित करके किया जा सकता है। विकास प्रशासन एक ऐसा साधन है, जिसके द्वारा समस्याओं के निराकरण और प्रगति के लक्ष्य प्राप्त किए जा सकते हैं।

**(ग) सुधार सम्बन्धी प्रशासन**–विकास प्रशासन की एक और विशेषता विद्यमान नियंत्रित संरचनाओं एवं नियमों को सुधारने पर अपना ध्यान केन्द्रित करना है। सरल शब्दों में, विकास प्रशासन की सोच एवं कार्यविधि प्रगतिशील है। प्रशासन के सुधार सम्बन्धी होने से ही लक्ष्य प्राप्ति सम्भव है।

**(घ) लाभभोगी-अभिमुखी प्रशासन**–भारतीय समाज छोटे किसान व ग्रामीण दस्तकारों पर आधारित है। भारतीय विकास प्रशासन भी इन विशिष्ट वर्गों की आवश्यकताओं की पूर्ति के अनुकूल है अर्थात् भारतीय विकास प्रशासन एक *"जनता-अभिमुखी प्रशासन"* है, अतः विकास प्रशासन की कार्यविधि ऐसी होनी चाहिए कि न केवल जनता के विशिष्ट वर्गों के अनुरूप योजनाएँ बनें, बल्कि इन योजनाओं का लाभ भी सही लाभार्थियों तक पहुँच सके।

**(ङ) सहभागिता-अभिमुखी प्रशासन**–सहभागिता से अभिप्राय है विकास योजनाओं व नीतियों के निरूपण व क्रियान्वन में जनता की भागीदारी। विकास प्रशासन सहभागी प्रणाली के सिद्धान्त को स्वीकार करता है, क्योंकि प्रशासन यदि केन्द्रीकृत होगा, तो समस्याओं पर यथार्थ रूप से ध्यान नहीं दे पाएगा, अतः जन-सहयोग से कार्य-योजनाओं का निरूपण तथा कार्यान्वन करना प्रशासन का एक मान्य सिद्धान्त बन गया है।

**(च) प्रभावी समन्वय**–विकास में विशिष्टीकरण एवं व्यवसायीकरण के फलस्वरूप सहभागियों की संख्या काफी बढ़ गई है। बेहतर परिणाम प्राप्त करने तथा साधनों का अपव्यय रोकने के लिए विभिन्न सहभागियों के बीच समन्वय होना बहुत जरूरी है।

www.neerajbooks.com



(छ) **पारिस्थितिकीय परिप्रेक्ष्य**–विकास प्रशासन तथा पर्यावरण दोनों एक-दूसरे से प्रभावित होते हैं। विकास प्रशासन पर्यावरण को, चाहे वह सामाजिक हो या आर्थिक, आकार देता है तथा पर्यावरण विकास प्रशासन की क्रियात्मक परिसीमा निर्धारित करता है। दोनों के बीच व्यापक परस्पर क्रिया चलती है।

**प्रश्न 4. विकास प्रशासन के मूल रूप की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर**–स्वतंत्रता प्राप्ति के समय भारत के पास गरीबी, बेरोजगारी, बढ़ती जनसंख्या जैसी समस्याएं मुँह खोले खड़ी थीं, जबकि संसाधनों का पूर्णतः अभाव था। कृषि व उद्योगों में नाम मात्र की ही प्रगति थी। निजी उद्यमकर्त्ता विकास के नाम पर आगे आने को तैयार नहीं थे, अतः विकास की सारी जिम्मेदारी सरकार पर आ पड़ी।

सर्वप्रथम यह महसूस किया गया कि विकास के मामले में हम पश्चिमी देशों का अनुकरण नहीं कर सकते, क्योंकि उनके और हमारे सामाजिक व आर्थिक ढांचे में अन्तर था। उनकी समस्याएं भी हमारे से भिन्न थीं तथा उनका नौकरशाही तंत्र व साधन हमसे ज्यादा मजबूत थे, अतः विकास की एक नई शैली का विकास किया गया, जो भारतीय आवश्यकताओं के अनुरूप थी। विकास की इस शैली में सर्वतोमुखी विकास यानि औद्योगिक, कृषि, प्रौद्योगिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं राजनीतिक क्षेत्रों में विकास की परिकल्पना की गयी। इस शैली में जनता की सहभागिता एवं सहयोग पर भी विशेष बल दिया गया।

उपर्युक्त विचारधारा ने विकास का अर्थ ही बदल दिया। इस बात पर बल दिया गया कि भारत जैसे विकासशील देशों को विकास के लिए अपना ध्यान अपने ही सीमित संसाधनों पर केन्द्रित करना चाहिए, आत्मनिर्भरता को अपनाना चाहिए तथा एक ऐसी विकास की शैली का निर्माण करना चाहिए, जिसमें जनता की सहभागिता हो।

लोक प्रशासन की नवीन संकल्पना के आधार पर 'विकास प्रशासन' की रचना की गई। विकास प्रशासन में सबके लिए मूलभूत सुविधाओं के प्रावधान व सामान्य कल्याण को महत्त्व दिया गया। **कैडन** (Caiden) के अनुसार *"विकास प्रशासन माननीय संकल्पना में स्थापित है–विकास वांछित है, प्रशासनिक प्रणाली द्वारा विकास का नियोजन किया जा सकता है तथा इसे निर्देशित एवं नियंत्रित किया जा सकता है, सामाजिक उत्पादन के गुणों तथा परिभाषा में सुधार वांछित है, विकास के रास्ते में आई बाधाओं को हटाया जा सकता है तथा उन विशाल समस्याओं का समाहान किया जा सकता है जो सामाजिक प्रगति में बाधा डालती हैं। वस्तुतः विकास प्रशासन का प्रत्यक्ष उद्देश्य बढ़े हुए सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन में गुणात्मक एवं परिमाणात्मक रूप से आधुनिकीकरण शुरू करना है।"*

Neeraj Publications
www.neerajbooks.com

☆ ☆ ☆

www.neerajbooks.com

# क्षेत्र और महत्त्व (Scope and Significance) 2

**प्रश्न 1. विकास प्रशासन के कार्यक्षेत्र पर विचार करें ।**

**उत्तर**–विस्तार प्रशासन के कार्यक्षेत्र का दिनोंदिन विस्तार हो रहा है । विस्तार प्रशासन के कुछ विशेष कार्यक्षेत्र निम्नलिखित हैं–

**(क) विकास प्रशासन और संस्क ति**–किसी भी देश की संस्कृति, उसके सामाजिक ढाँचे की रीढ़ की हड्डी होती है । संस्कृति देश के प्रशासन को भी कार्य करने के लिए एक ढाँचा प्रदान करती है, अतः दोनों में एक गहरा सम्बन्ध स्थापित होना नैसर्गिक है । यह कदापि आवश्यक नहीं है कि सांस्कृति के पद्धति स्थिर हो, क्योंकि एक प्रशासन की विकास एवं परिवर्तन की विचारधारा के प्रति वचनबद्धता निश्चित रूप से बदलाव प्रारम्भ कर सकती है या यूँ कहें कि सांस्कृतिक एवं प्रशासनिक पद्धतियाँ, दोनों ही समय आने पर एक-दूसरे को परिवर्तित कर सकती हैं ।

**(ख) विकास प्रशासन और विकास प्रोग्रामों का विस्त त वर्णन**–विकास प्रशासन का एक और महत्त्वपूर्ण पहलू है विकास कार्यक्रमों का विस्तृत वर्णन । विकास कार्यक्रमों का फैलाव बहुत ज्यादा है–ये हैं कृषि विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, संचार, सामाजिक विकास इत्यादि । विकास प्रशासन विकास कार्यक्रमों के संचालन एवं व्यवस्था के लिए बहुपक्षीय कार्यों का विस्तारपूर्वक विवरण देता है ।

**(ग) राष्ट्र निर्माण एवं सामाजिक संधि**–विकास प्रशासन का कार्य केवल विकास के ढाँचे का विस्तार करना नहीं, वरन् सामाजिक ढाँचे का गठन या पुनर्निर्माण करना भी है । विकास प्रशासन का कार्य औद्योगीकरण, शिक्षा, लोकतंत्र आदि की प्रक्रियाओं में तेजी लाना भी है । बेरोजगारी व अन्य आर्थिक समस्याओं को दूर करना भी विकास प्रशासन का एक मुख्य कार्य है । संक्षेप में हम कह सकते हैं कि सामाजिक परिवर्तन व राष्ट्र-निर्माण का कार्य तभी सफल हो सकता है, जब विकास प्रशासन चुस्त-दुरुस्त होकर कार्य करे ।

**(घ) विकास प्रशासन और प्रोग्रामिंग एवं योजना**–प्रोग्रामिंग विकास प्रशासन का एक महत्त्वपूर्ण अंश है । वस्तुतः प्रोग्रामिंग वह प्रणाली है जो सूचना या आवश्यक निपुणता के अन्तर को बताती है तथा उस वर्ग के लोगों के बारे में भी जानकारी देती है, जो नेतृत्व कर सकते हैं। विकास प्रशासन संसाधनों से अधिकतम परिणाम प्राप्त करने के लिए योजना का सहारा लेता है, जिसे नियोजन के नाम से जाना जाता है । प्रोग्रामिंग एवं योजना से विकास उद्देश्यों की पर्याप्त मात्रा में प्राप्ति हो सकती है ।

**(ङ) विकास प्रशासन एवं परिस्थिति विज्ञान**–प्रशासन देश के संवैधानिक, राजनीतिक एवं कानूनी ढाँचे के प्रति जवाबदेय होता है । विकास प्रशासन तभी सफलतापूर्वक कार्य कर सकता है, जब वह अपने आसपास के वातावरण से प्रभावित हो तथा साथ ही बदले में वातावरण व परिस्थितियों को भी प्रभावित करने की क्षमता रखता हो । आवश्यकता इस बात की है कि प्रशासन परिवर्तन के लिए तैयार रहे और परिवर्तन परिस्थितियों के अनुकूल हो ।

**(च) विकास प्रशासन और सुव्यवस्थित आधार**–विकास प्रशासन एक मशीन की तरह कार्य नहीं कर सकता । विकास प्रशासन की परिकल्पना समाज व संस्कृति के अनुरूप होनी चाहिए । विकास प्रशासन में प्राथमिकताओं के निर्धारण, योजनाओं के सूत्रीकरण, क्रियान्वन इत्यादि में जनता की सहभागिता आवश्यक है । विकास उद्देश्य का निर्धारण एवं विकास प्रशासन का आधार एक सुव्यवस्थित योजना प्रणाली पर निर्भर करता है ।

**प्रश्न 2. विकास प्रशासन के आदर्शों की विवेचना कीजिए ।**

**उत्तर**–विकास प्रशासन का उद्देश्य केवल आर्थिक विकास नहीं है, बल्कि एक आदर्श समाज व राष्ट्र का निर्माण करना भी है । विकास प्रशासन का मूल मंत्र एक ऐसी पद्धति का निर्माण करना है, जो वातावरण के लिए प्रभावकारी व अनुकूल हो । विकास प्रशासन के प्रमुख आदर्श निम्नलिखित हैं–

**(क) संस्था निर्माण**–विकास प्रशासन की जिम्मेदारी विभिन्न योजनाओं के सूत्रीकरण और क्रियान्वन पर जाकर ही समाप्त नहीं हो जाती, बल्कि उसकी मुख्य जिम्मेदारी है विकास उद्देश्यों की पूर्ति के लिए उचित संस्थाओं का निर्माण करना । यहाँ संस्था से हमारा अभिप्राय विकास की गतिविधियों में जुटे एक संघटनात्मक एवं संगठनात्मक ढाँचे से है ।

**(ख) प्रशासनिक विकास**–प्रशासनिक विकास, विकास प्रशासन का एक प्रमुख पहलू है । प्रशासन को विकास का एक श्रेष्ठ साधन बनाने के लिए प्रशासनिक संगठन के ढाँचे, निपुणता एवं रवैये में परिवर्तन आवश्यक है ।

**(ग) संचार**–आधुनिक युग में संचार विकास का पर्याय बन गया है । किसी भी समाज या देश की उन्नति उसकी संचार प्रणाली पर निर्भर करती है । जानकारी व विचारों का आदान-प्रदान संचार के विभिन्न माध्यमों से ही संभव होता है । संचार विकास प्रशासन का एक प्रमुख अंग

Neeraj Publications www.neerajbooks.com